5378

संख्या- /यूपीनेडा-पीएमसूर्य घर/सामान्य/2024-25

उ0 प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण

विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

दिनांक: २९ दिसम्बर, 2025

**पंजीकृत वेण्डर,**

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना,

उ0प्र0।

विषयः पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वेण्डर पंजीकरण उपरांत एक भी घरेलू सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित न किए जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस।

भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आपके द्वारा वेण्डर के रूप में पंजीकरण कराया गया है। पंजीकरण के समय यह अपेक्षित था कि आप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगे तथा औसतन प्रतिदिन कम से कम एक घरेलू सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना कराएंगे। परंतु अत्यंत खेद का विषय है पंजीकरण से आज तक आपके द्वारा एक भी घरेलू सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित नहीं कराया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि राष्ट्रीय महत्व की इस योजना में आपका योगदान शून्य रहा है। इस क्रम में अपना स्पष्टीकरण तत्काल प्रेषित करें। सन्तोषजनक स्पष्टीकरण न होने की दशा में आपका वेण्डर पंजीकरण समाप्त कर दिया जायेगा।

(पंकज सिंह)

सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी,

यूपीनेडा।